# अटल बिहारी को देश ने किया याद

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई बड़े नेताओं ने प्रार्थना सभा में दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 16 अगस्त.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने रविवार को नई दिल्ली में 'सदैव अटल' पर 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की. नेताओं ने वाजपेयी की याद में आयोजित एक प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया.

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन समेत तमाम नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी. भारत के सबसे प्रमुख राजनीतिक नेताओं में से एक, वाजपेयी ने तीन बार प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया. उन्होंने पहली बार 1996 में कुछ समय के लिए प्रधानमंत्री पद की




शपथ ली थी और बाद में 1998 से 1999 तक और 1999 से 2004 तक इस पद पर रहे. अपनी वाक्-कला, संसदीय योगदान और राजनेता के तौर पर अपनी सूझ-बूझ के लिए पहचाने जाने वाले वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक नेताओं में से एक थे. उन्होंने पार्टी के राजनीतिक सफर को आकार देने में अहम भूमिका निभाई. प्रधानमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान, भारत ने बुनियादी ढांचे, कूटनीति, आर्थिक नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण विकास देखे.

वाजपेयी एक जाने-माने हिंदी कवि भी थे और अपने संसदीय करियर और सार्वजनिक जीवन के कारण सभी राजनीतिक दलों के बीच उनका बहुत सम्मान था. देश के लिए उनके योगदान को देखते हुए, उन्हें 2015 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था. वाजपेयी का निधन 16 अगस्त 2018 को 93 साल की उम्र में हुआ था. उनकी पुण्यतिथि हर साल उनके जीवन, राजनीतिक योगदान और विरासत को याद करने के मौके के तौर पर मनाई जाती है.

### योगी ने अटल को बताया राजनीति का 'अजातशत्रु'

अमरोहा जिले में भी अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. अटल चौक पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भारतीय राजनीति का 'अजातशत्रु' बताया. उन्होंने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी ने आधुनिक भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखी. उनके नेतृत्व, दूरदर्शिता और राष्ट्रसेवा को देश हमेशा याद रखेगा.

## पाक को तालिबान का अल्टीमेटम

**इस्लामाबाद, 16 अगस्त** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर गंभीर मोड़ लेता दिखाई दे रहा है तालिबान शासन के रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अफगानिस्तान के खिलाफ किसी भी हमले या सैन्य कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा उनका कहना है कि प्रतिक्रिया जल्दबाजी में नहीं होगी, बल्कि सोच-समझकर और दृढ़ संकल्प के साथ दी जाएगी याकूब का यह बयान ऐसे समय आया है जब दोनों पड़ोसी देशों के रिश्ते सीमा पार आतंकवाद और सुरक्षा को लेकर लंबे समय से तनावपूर्ण हैं पाकिस्तान का आरोप है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लड़ाके अफगानिस्तान में मौजूद ठिकानों से पाकिस्तान के खिलाफ हमले करते हैं इस्लामाबाद लंबे समय से काबुल से टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई करने और अपनी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ नहीं होने देने की मांग करता रहा है.

# छात्रों ने हेमंत सोरेन का मांगा इस्तीफा

### 20 अगस्त को झारखंड के सीएम आवास का घेराव करेंगे छात्र

**रांची, 16 अगस्त। झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ छात्रों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है. प्रदर्शनकारियों ने अब सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए विरोध का विस्तृत कार्यक्रम घोषित किया है.**

इसके तहत 16 अगस्त को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पुतले जलाने का ऐलान किया गया. इसके बाद 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की तैयारी है.

'जेएसएससी-जेपीएससी रिफॉर्म्स मंच' से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती. मंच ने 20



छात्रों की प्रमुख मांगों में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग यानी जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को रद्द करना शामिल है. इसके अलावा 11वीं और 13वीं झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं को भी रद्द करने की मांग की गई है. प्रदर्शनकारी इन परीक्षाओं की प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच चाहते हैं. आंदोलनकारियों ने पूरे मामले की सीबीआई से कराने की मांग भी उठाई है. उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि अभ्यर्थियों के बीच परीक्षा प्रणाली को लेकर भरोसा कायम रह सके. इस आंदोलन में अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग भी जुड़ गई है. भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए.

अगस्त के प्रस्तावित मुख्यमंत्री आवास घेराव को आंदोलन का बड़ा चरण बताया है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे अपनी मांगों को सरकार के सामने मजबूती से रखेंगे.

# आशीष की मौत पर बड़ा सवाल

- सीएम शुभेंदु अधिकारी ने जांच की बात कही
- ममता ने बताया- आखिरी दिनों में थे दबाव में

**कोलकाता, 16 अगस्त. पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और तृणमूल कांग्रेस नेता आशीष बनर्जी रविवार को बीरभूम जिले के रामपुरहाट स्थित पार्टी कार्यालय में मृत पाए गए.**

वरिष्ठ टीएमसी नेता आशीष बनर्जी की मौत पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी कि क्या उन्हें किसी ने धमकी दी थी. शुभेंदु अधिकारी ने कहा, मैंने कुछ



देर पहले उनके परिवार से बात की. वह एक अच्छे राजनेता थे. उनके विधानसभा क्षेत्र से चुने गए भाजपा विधायक उनसे मिलने गए और उनके पैर छुए. उनके पूरे परिवार ने बताया कि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के साथ उनके अच्छे संबंध थे. यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है.

# भारत को मिली दुनिया की शुभकामनाएं

- प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी नेताओं का जताया आभार
- मित्र देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, 16 अगस्त। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुनिया के कई देशों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतवासियों के लिए शुभकामना संदेश आए. फ्रांस से लेकर भारत के पड़ोसी देशों नेपाल, भूटान और मालदीव के साथ-साथ साइप्रस के नेताओं ने भी भारत को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी.**



प्रधानमंत्री मोदी ने इन शुभकामना संदेशों के लिए सभी नेताओं का आभार जताया और कहा कि भारत अपने मित्र देशों के साथ संबंधों को लगातार मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं. पीएम मोदी ने उनके संदेश का जवाब देते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को लेकर सकारात्मक रुख जताया.

# सुखबीर बादल पर हमले की एनआईए जांच की मांग

**चंडीगढ़, 16 अगस्त. शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है.**

उन्होंने अंदेशा जताया है कि यह हमला किसी गहरी अंतर-राज्यीय या अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है. अपने पत्र में उन्होंने 13 अगस्त 2026 की ताजा घटना और चार दिसंबर 2024 को अमृतसर में हुए हमले के बीच संभावित कड़ियों की गहराई से पड़ताल करने का आग्रह किया है. महाराष्ट्र के



सांसद हरसिमरत ने अमित शाह को लिखा पत्र

नांदेड़ स्थित गुरुद्वारा परिसर के पास सुखबीर सिंह बादल पर अचानक हमला किया गया. निहंग पोशाक में आए एक हमलावर ने उन पर धारदार हथियार से वार करने का प्रयास किया.

## नेपाल पहुंचे सेना प्रमुख धीरज सेठ

**काठमांडू, 17 अगस्त.** भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ नेपाल की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं. 17 से 19 अगस्त तक चलने वाली इस यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच रक्षा सहयोग और सैन्य संबंधों को और मजबूत करना है. दोनों देशों के बीच लंबे समय से कायम सैन्य साझेदारी को देखते हुए इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. यात्रा के पहले दिन जनरल धीरज सेठ टुंडीखेल स्थित आर्मी पवेलियन में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे. इसके बाद नेपाली सेना मुख्यालय में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा.

## एक नजर में



### बलूचिस्तान में बवाल के बीच पाकिस्तान का बड़ा लॉकडाउन प्लान

**नई दिल्ली, 16 अगस्त.** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जिस दिन ने अपनी आजादी की तारीख घोषित करके स्वतंत्रता दिवस मना लिया है, पाकिस्तानी हुकूमत के होश उड़ गए हैं. प्रांत में सुरक्षा स्थिति गंभीर रूप से बिगड़ गई है. पूरे प्रांत में सैन्य अभियान, उग्रवादी हमले, नागरिक हताहतों के दावे और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं. स्थानीय लोग संसाधनों के असमान वितरण, लापता लोगों और सैन्य कार्रवाइयों से लंबे समय से नाराज हैं. अब यह नाराजगी और गहरी हो गई है. उन्होंने खुद को पाकिस्तान का हिस्सा मानने से इनकार कर दिया है और वे खुद को एक अलग वतन की तरह मानकर चल रहे हैं. इससे भड़की हुई पाकिस्तानी हुकूमत अब जुल्म ढाने पर उतर आई है. एक तरफ तो लोगों पर सेना ने एफ-16 से बम बरसा दिए थे, वहीं दूसरी तरफ अब खुजदार शहर में लॉकडाउन का ऐलान कर दिया है.

### बिहार में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से पर्यटन को नई गति मिलेगी : सम्राट चौधरी



**पटना, 16 अगस्त.** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में नये हवाई अड्डों और हवाई सुविधाओं के विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए रविवार को कहा कि बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से पर्यटन, व्यापार, उद्योग, निवेश, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी. मुख्यमंत्री चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित संशोधित उड़ान योजना के क्षेत्रीय संपर्क योजना के संस्करण 6.0 के संदर्भ में समीक्षा की. इस दौरान सिविल विमानन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे ने राज्य में हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया.

## आज का इतिहास

1717 - फ्रांस, रूस और प्रशिया के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

1743- स्वीडन और रूस के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

1787- यहूदियों को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में समूह बनाकर प्रार्थना करने की इजाजत मिली।

1836- ब्रिटेन की संसद में जन्म, विवाह और मृत्यु से संबंधित पंजीकरण स्वीकार किये गये।

1909- मदन लाल ढींगरा को वायली और लालकाका की हत्या मामले में पेंटोनविली कैदखाने में फाँसी दी गयी।

# अटल हिंदी विवि को केंद्रीय दर्जा दे सरकार

**नई दिल्ली, 16 अगस्त. भोपाल स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता और लेखक सुमित कुमार मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है.**

उन्होंने प्रधानमंत्री से इस प्रस्ताव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करने और संबंधित मंत्रालय एवं विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया है. सुमित कुमार मिश्र ने अपने पत्र में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है, बल्कि

पत्र में मिश्र ने स्वर्गीय प्रभात झा के प्रयासों का विशेष उल्लेख किया है. उन्होंने बताया कि 24 फरवरी 2020 को प्रभात झा ने तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' को पत्र लिखकर अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग की थी. मिश्र ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि प्रभात झा की उस पहल को आगे बढ़ाया जाए. उनके अनुसार, यह हिंदी और भारतीय भाषाओं के प्रति प्रभात झा के समर्पण को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा.

हिंदी और भारतीय भाषाओं के माध्यम से ज्ञान-विज्ञान, शोध, तकनीक, चिकित्सा, विधि, प्रबंधन तथा अन्य आधुनिक विषयों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है. उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय भारतीय भाषाओं के सम्मान, भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था की भावना का प्रतिनिधित्व करता है. विश्वविद्यालय को केंद्रीय दर्जा मिलने से वित्तीय संसाधनों, संस्थागत क्षमता और शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार हो सकता है. इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक सहयोग के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद जताई गई है.

# परमाणु शक्ति से कारगिल तक भारत का बढ़ा गौरव : भजनलाल

**चित्तौड़गढ़, 16 अगस्त। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि वाजपेयी के कुशल नेतृत्व में हुए परमाणु परीक्षण और 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत ने देश की छवि को दुनिया में मजबूत किया.**

समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने भारत को आत्मविश्वास और सामरिक



दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाने की नींव मजबूत की भजनलाल ने कहा कि वाजपेयी की इसी गौरवशाली परंपरा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे बढ़ाया है उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कदमों के जरिए भारत ने दुनिया के सामने अपनी क्षमता, आत्मसम्मान और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय दिया है.

# बंगाल में आयुष्मान भारत योजना की हुई शुरुआत

**कोलकाता, 16 अगस्त.** पश्चिम बंगाल में 16 अगस्त 2026 को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी एबी-पीएमजेएवाई की औपचारिक शुरुआत हो गई.

राज्य में पहली बार लागू की गई इस केंद्रीय स्वास्थ्य योजना के तहत करीब 1.5 करोड़ परिवारों यानी लगभग 6 करोड़ नागरिकों को सालाना 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिलने लगी. योजना की शुरुआत के साथ राज्य में 16 अगस्त को 'खेला होबे दिवस' की जगह 'आयुष्मान दिवस' के रूप में मनाया गया.

- 1.5 करोड़ परिवारों को मिलेगा लाभ
- 16 अगस्त मना आयुष्मान दिवस में रूप में

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखर्जी ने योजना की शुरुआत की जानकारी दी.

## सोफा कारखाने में लगी भीषण आग

**सूरत, 16 अगस्त.** गुजरात के सूरत शहर के भेस्तान इलाके में रविवार को एक सोफा कारखाने में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया. महावीर इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थित कारखाने में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया. अंदर बड़ी मात्रा में रुई, फोम और अत्यधिक ज्वलनशील केमिकल मौजूद होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई. कुछ ही देर में कारखाना आग की ऊंची लपटों और घने धुएं से घिर गया. भेस्तान क्षेत्र के खाता नंबर 130 में सोफा बनाने का कारखाना संचालित हो रहा था.

# टीम वेकोलि ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नागपुर, 16 अगस्त.** वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. वेकोलि मुख्यालय में आयोजित समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया.

इसके बाद उन्होंने वेकोलि की सुरक्षा गारद की परेड का निरीक्षण किया. समारोह में कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उनके परिवारों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया. टीम वेकोलि को संबोधित करते हुए सीएमडी डॉ.



हेमंत शरद पांडे ने कंपनी की उत्पादन उपलब्धियों और भविष्य की प्राथमिकताओं पर चर्चा की. उन्होंने उत्पादन, उत्पादकता, पर्यावरण संरक्षण, खनन कार्यों में सुरक्षा और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व की गतिविधियों को कंपनी की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में बताया. उन्होंने नई तकनीक और आधुनिक उपकरणों के उपयोग पर विशेष जोर दिया. सीएमडी ने उम्मीद जताई कि पिछले वर्षों की उपलब्धियों को आगे बढ़ाते हुए वेकोलि इस वित्तीय वर्ष में भी उत्पादन, डिस्पैच और ओवरबर्डन हटाने के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करेगी.

## हस्तियों के ट्वीट



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि 'सदैव अटल' पर भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. एक महान राजनेता और सच्चे दूरदर्शी, अटल जी का जीवन राष्ट्र सेवा, ईमानदारी और सुशासन के लिए समर्पित था. उनके आदर्श राष्ट्र-निर्माण की दिशा में सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे.

देश पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा किस्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर, मैंने देवगढ़ के आदिवासी भाई-बहनों, छात्रों और युवा उद्यमियों से बातचीत की. 'विकसित ओडिशा' और 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्प को साकार करने में हमारे आदिवासी प्रतिभाओं और माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है.



**मौसम** यूपी से ओडिशा तक अगले कई दिन बरसेंगे बादल, हिमाचल में 118 सड़कें बंद

# मानसून का तांडव : पहाड़ से मैदान तक भारी बारिश

**नई दिल्ली, 16 अगस्त. देश के कई हिस्सों में मॉनसून ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है. पहाड़ी राज्यों से लेकर मध्य, उत्तर और पूर्वी भारत तक भारी बारिश का दौर जारी है. हिमाचल प्रदेश में बारिश ने सबसे ज्यादा परेशानी बढ़ाई है.**

राज्य में 118 सड़कें बंद हो गई हैं, जबकि कई जलापूर्ति योजनाएं और बिजली ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुए हैं. मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों में सोमवार और मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर



भारी से बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, मंडी में सबसे ज्यादा 48 सड़कें बंद हैं. इसके अलावा कुल्लू में 32, चंबा में 11, सिरमौर में आठ, शिमला में सात, कांगड़ा में छह, ऊना में चार और लाहौल-स्पीति में दो सड़कें बंद हैं. बारिश से 216 जलापूर्ति योजनाएं और 19 बिजली ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुए हैं. कांगड़ा जिले के कुछ हिस्सों में शनिवार शाम से मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई. धर्मशाला में 96.2 मिलीमीटर, पालमपुर में 55 मिलीमीटर और कांगड़ा में 34.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई. लगातार बारिश के कारण कई क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है.

इधर, बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र का असर पूर्वी और मध्य भारत के मौसम पर भी दिखाई दे रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, 16 और 17 अगस्त को ओडिशा में और 17 अगस्त को गंगीय पश्चिम बंगाल में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी अगले दो दिनों तक मूसलाधार बारिश का अनुमान है.

# एनबीसीसी ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस, लॉन्च किया अपना एंथम

**नई दिल्ली, 15 अगस्त। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित एनबीसीसी भवन में देशभक्ति और उत्साह के साथ समारोह आयोजित किया.**

आयोजन के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिसके बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत हुआ समारोह में एनबीसीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. के. पी. महादेवस्वामी के साथ कार्यात्मक निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान एनबीसीसी ने राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. के. पी. महादेवस्वामी ने संगठन की महत्वपूर्ण परियोजनाओं और देश के विकास में उसके योगदान को रेखांकित किया उन्होंने अम्रपाली परियोजनाओं, पूर्वी किदवई नगर पुनर्विकास, नए मोती बाग और नई दिल्ली स्थित विश्व व्यापार केंद्र जैसी प्रमुख पहलों का विशेष उल्लेख किया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने एनबीसीसी के कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया.